देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरुवार 16.10.2025
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- उत्तराखंड के राशन विक्रेताओं को दिवाली से पहले राहत, केंद्र ने बकाया लाभांश और भाड़े के भुगतान के लिए 27 करोड़ 93 लाख रुपये जारी किए।
- राज्य में मिलावटी खाद्य पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई जारी; देहरादून में अस्वच्छ स्थिति में रखे गए 180 किलो पनीर को नष्ट किया गया।
- देहरादून में शुरू हुई फ्री सखी कैब सेवा, परेड ग्राउंड ऑटोमेटेड पार्किंग से 5 किलोमीटर तक मिलेगी निःशुल्क ड्रॉप सुविधा।
- उत्तर रेलवे इस वर्ष दिवाली और छठ पर्व के दौरान एक हजार अतिरिक्त विशेष रेलगाड़ियां चला रहा है।

धनराशि जारी

उत्तराखंड के राशन विक्रेताओं के लिए दिवाली से पहले राहत भरी खबर आई है। केंद्र सरकार ने राज्य को राशन विक्रेताओं के बकाया लाभांश और भाड़े के भुगतान के लिए 27 करोड़ 93 लाख रुपये की धनराशि जारी कर दी है।

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले की मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि यह धनराशि राज्य को प्राप्त हो चुकी है और विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि इसमें राज्य का हिस्सा जोड़कर शीघ्र भुगतान की प्रक्रिया शुरू की जाए।

कार्रवाई/राज्यव्यापी अभियान

दीपावली और त्योहारी सीजन को देखते हुए राज्य में मिलावटी खाद्य पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई जारी है। देहरादून जिले में कल तड़के 4 बजे से विशेष जांच अभियान चलाया गया। सेलाकुई, विकासनगर, ऋषिकेश और मसूरी में औचक निरीक्षण के दौरान अस्वच्छ स्थिति में रखे गए 180 किलो पनीर को नष्ट किया गया। इस दौरान विभाग ने दूध, पनीर और मिठाई के कुल 15 नमूने जांच के लिए भेजे।

हरिद्वार में खाद्य सुरक्षा विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने मुस्तफाबाद क्षेत्र में दो मिठाई निर्माण इकाइयों पर छापेमारी की। गंदगी और अस्वच्छ माहौल में मिठाई तैयार करते पाए जाने पर करीब दो कुंतल बतीसा मौके पर ही नष्ट कराया गया, जबकि फूड लाइसेंस न होने पर एक फैक्ट्री को बंद करने के आदेश दिए गए।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि त्योहारों में मिलावटखोर सक्रिय हो जाते हैं, लेकिन किसी भी कीमत पर नागरिकों के स्वास्थ्य से समझौता नहीं किया जाएगा। मिलावट करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने सभी जिलों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मिलावट की आशंका वाले स्थानों पर तुरंत छापेमारी की जाए।

सड़क सुरक्षा

मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने सड़क सुरक्षा के लिये आसानी से लागू किये जा सकने वाले तकनीकी और व्यवहारिक तंत्र तैयार करने के निर्देश दिए हैं। देहरादून में राज्य सड़क सुरक्षा कोष प्रबंध समिति की समीक्षा बैठक में

मुख्य सचिव ने परिवहन और पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि सड़क सुरक्षा नियमों के उल्लंघन पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाए। उन्होंने कहा कि कार्रवाई अधूरी न छोड़ी जाए और सभी मामलों में त्वरित व पूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि आवश्यक होने पर राज्य स्तर पर नियमों में संशोधन भी किया जा सकता है।

मुख्य सचिव ने निर्देश दिये हैं कि रेड लाइट जंप करने वालों के ड्राइविंग लाइसेंस कम से कम तीन महीने के लिए निलंबित किए जाएं।

उन्होंने ट्रैफिक संचालन को डिजिटल और ऑटोमेटेड बनाने के लिए आवश्यक उपकरण, ट्रैफिक व स्ट्रीट लाइट या अन्य तकनीकी साधनों के प्रस्ताव तैयार करने को भी कहा।

श्री बर्धन ने परिवहन और स्वास्थ्य विभाग को सड़क दुर्घटना की आपात स्थितियों में हेली एम्बुलेंस और अन्य बेहतर विकल्पों पर विचार कर विस्तृत प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए।

स्वच्छता व्यवस्था

दीपावली के मद्देनज़र हरिद्वार के मुख्य नगर आयुक्त नंदन कुमार ने शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने सफाई निरीक्षकों और पर्यावरण मित्रों की बैठक लेकर सभी 60 वार्डों और बाजारों में दिवाली से पहले तथा त्यौहार के दौरान स्वच्छता सुनिश्चित करने को कहा है।

नगर आयुक्त ने कहा कि सफाई कार्य दोनों पालियों में किया जाए ताकि बाजारों और आवासीय क्षेत्रों में कूड़े की समस्या न हो। जिन क्षेत्रों में अतिरिक्त कर्मचारियों की जरूरत है, वहां तुरंत तैनाती की जाएगी। उन्होंने सभी सफाई निरीक्षकों को व्यक्तिगत रूप से वार्डों और प्रमुख बाजारों का निरीक्षण करने और लापरवाही मिलने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।

नगर आयुक्त ने बताया कि बाजारों में दिन के समय कचरा उठाने में होने वाली दिक्कतों को देखते हुए अब कचरा कलेक्शन वाहन रात्रि में और बाजार खुलने से पहले चलाए जाएंगे, ताकि दुकानदारों और ग्राहकों को स्वच्छ वातावरण मिल सके।

उन्होंने सभी नाले–नालियों की विशेष सफाई और पूरे नगर निगम क्षेत्र में फॉगिंग कराने के भी निर्देश दिए, जिससे मच्छरों और बीमारियों के प्रसार को रोका जा सके। साथ ही, सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ तत्काल जुर्माने की कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

दुर्घटना

रुड़की के रामपुर क्षेत्र में कल उत्तराखंड रोडवेज की बस और बाइक की आमने–सामने की टक्कर में दो किशोरों की मृत्यु हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया।

गंगनहर कोतवाली प्रभारी मनोहर भंडारी ने बताया कि हादसे के तुरंत बाद तीनों को रुड़की सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां दो किशोरों की मृत्यु हो गई। गंभीर रूप से व्यक्ति को हायर सेंटर रेफर किया गया है। तीनों किशोर 12वीं के छात्र थे और स्कूल से घर लौट रहे थे। हादसे के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश की जा रही है।

'फ्री सखी कैब' सेवा

देहरादून जिला प्रशासन की "ऑटोमेटेड पार्किंग" परियोजना के तहत दो ईवी वाहनों की 'फ्री सखी कैब सुविधा' आमजन के लिए शुरू हो गई है। यह कैब सेवा परेड ग्राउंड ऑटोमेटेड पार्किंग से 5 किलोमीटर के दायरे में निःशुल्क ड्रॉप सुविधा प्रदान करेगी। जल्द ही इसके लिए पांच निर्धारित स्टॉप बनाए जाएंगे। अभी दो वाहन शुरू किए गए हैं, जबकि छह और ईवी वाहन शीघ्र इसमें जोड़े जाएंगे।

देहरादून की यह ऑटोमेटेड पार्किंग राज्य की पहली ऐसी सुविधा है जिसे महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित किया जा रहा है। वर्तमान में इसके संचालन की जिम्मेदारी संभाने वाले समूह को हर दिन 29 हजार रुपए से अधिक की आय प्राप्त हो रही है। जिलाधिकारी सविन बंसल ने बताया कि इस पहल से महिलाओं को आजीविका के नए अवसर मिल रहे हैं और यह महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक अभिनव कदम है।

विशेष रेलगाड़ी

उत्तर रेलवे इस वर्ष दिवाली और छठ पर्व के दौरान एक हज़ार अतिरिक्त विशेष रेलगाडियां चला रहा है। नई दिल्ली में उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि पिछले वर्ष तीन हज़ार आठ सौ रेलगाडियों की तुलना में वर्तमान में विशेष ट्रेनों के चार हज़ार 700 से अधिक फेरे चल रहे हैं। श्री वर्मा ने बताया कि कोच वृद्धि के माध्यम से सामान्य ट्रेनों में दो लाख 70 हज़ार सीटें बढ़ाई गई हैं।

शिलान्यास

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने विधानसभा क्षेत्र चंपावत के अमोड़ी में एक करोड़ साठ लाख रुपए की लागत से बनने वाली "वे साइड एमिनिटी" परियोजना का शिलान्यास और भूमि पूजन किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह परियोजना 'आदर्श चंपावत' की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो क्षेत्र में पर्यटन और स्थानीय रोजगार को नया आयाम देगी। उन्होंने कहा कि ऐसी योजनाएं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने और स्थानीय उत्पादों को बाजार से जोड़ने में सहायक होंगी।

मुख्यमंत्री ने बताया कि इस कॉम्प्लेक्स में यात्रियों और पर्यटकों के लिए विश्राम स्थल, स्वच्छ शौचालय, जलपान एवं कैफेटेरिया के साथ ही स्थानीय हस्तशिल्प, कृषि और वन उत्पादों के बिक्री केंद्र जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इसके साथ ही वाहन पार्किंग, हरित क्षेत्र और सूचना केंद्र भी बनाए जाएंगे।

जीएसटी जागरूकता रैली

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चंपावत मुख्यालय के बाजार में जीएसटी जागरूकता रैली का नेतृत्व किया। इस दौरान उन्होंने व्यापारियों और आम जनता से संवाद कर केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में घटाए गए जीएसटी स्लैब के बारे में जानकारी साझा की और फीडबैक लिया।

मुख्यमंत्री ने विभिन्न दुकानों का निरीक्षण किया और व्यापारियों से कहा कि वे घटे हुए जीएसटी दरों की जानकारी उपभोक्ताओं तक पहुंचाएं ताकि जनता को इसका पूरा लाभ मिल सके।

आढ़त बाजार पुनर्विकास परियोजना

मसूरी–देहरादून विकास प्राधिकरण–एमडीडीए के उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी की अध्यक्षता में कल आढ़त बाजार पुनर्विकास परियोजना की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। देहरादून में आयोजित बैठक में निर्णय लिया गया कि पुराने आढ़त बाजार के मालिक अपनी संपत्तियों को रजिस्ट्री के माध्यम से लोक निर्माण विभाग को हस्तांतरित करेंगे, जिसके बाद भूखंड आवंटन और नकद प्रतिकर की प्रक्रिया 3 नवंबर से शुरू की जाएगी।

निर्णय के अनुसार, संपत्ति स्वामी रजिस्ट्री के 15 दिन के भीतर पुराने निर्माण को स्वेच्छा से ध्वस्त करेंगे और छह माह के भीतर नए आढ़त बाजार में निर्माण कार्य पूरा करेंगे। परियोजना का अधिकांश कार्य पहले ही पूरा किया जा चुका है।

उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा कि यह परियोजना देहरादून के लिए एक मॉडल प्रोजेक्ट साबित होगी, जिससे सभी प्रभावित व्यापारियों को आधुनिक सुविधाओं से युक्त नया व्यापारिक परिसर मिलेगा। उन्होंने

बताया कि पुनर्विकास के तहत आवंटित भूखंड का क्रय–विक्रय 10 वर्षों तक प्रतिबंधित रहेगा। साथ ही, पुराने आढ़त बाजार के चौड़ीकरण के लिए सड़क के दोनों ओर अलग–अलग टीमें गठित की गई हैं।

आढ़त बाजार के शिफ्ट होने और चौड़ीकरण से सहारनपुर चौक से प्रिंस चौक तक लगने वाले जाम से राहत मिलेगी। यह परियोजना शहर की ट्रैफिक व्यवस्था और शहरी सौंदर्य दोनों को बेहतर बनाएगी।

स्वदेशी अपनाने का संदेश

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने गृह क्षेत्र खटीमा में 'स्वदेशी अपनाओ' अभियान के तहत पारंपरिक मिट्टी के दीये और स्थानीय उत्पादों की खरीदारी कर 'वोकल फॉर लोकल' का संदेश दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दीपावली केवल रोशनी और आनंद का पर्व नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता और स्वाभिमान का प्रतीक है। उन्होंने प्रदेशवासियों से अपील की कि वे त्योहारों पर स्थानीय कारीगरों, शिल्पकारों और स्वदेशी उत्पाद निर्माताओं को प्रोत्साहित करें, जिससे आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को बल मिलेगा और गांवों की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।